जाग उठा हमारा
आजाद हिन्दुस्तान

30 अगस्त 2022

## महेश गुर्जर बने सांसद प्रतिनिधि



**बैडिया (राजेन्द्र नामदेव)** खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर दादा पाटिल व्दारा बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के ऊर्जावान कार्यकृता एव किसान मोर्चा खरगोन जिलाध्यक्ष महेश गुर्जर को जिला परिषद खरगोन मे सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया उक्त नियुक्ति पर विधायक सचिन बिरला जिला परिषद सदस्य पंकज बिरला सरपंच चन्द्रपाल सिह राजेन्द्र नामदेव मंडल अध्यक्ष जितेन्द्रसिंह चौहान गोपाल कानुनगो ओमप्रकाश राठौर जिला कार्यकारिणी सदस्य रामेश्वर सिगुण्या प्रेमलाल सिगुण्या किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष राकेश छलोत्रा ने महेश गुर्जर को बधाई देते सांसद महोदय का आभार माना

## श्रीमति गावशिन्दे बनी मिडिया प्रभारी



बैडिया (राजेन्द्र नामदेव) बैडिया भाजपा खरगोन जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह जी राठौर की अनुशंसा पर भाजपा खरगोन जिला महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरिता पाटीदार की सहमति से महिला ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष श्रीमती रीना अजय शाह ने श्रीमती पूजा जनार्दन गावशिन्दे को महिला मोर्चा बैडिया ग्रामीण मण्डल का मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है ।इनके मनोनयन पर परिजनों, इष्टमित्रों द्वारा बधाई देते हुए संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## सांसद सेवा केंद्र का सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने किया शुभारंभ



बड़वाह -आम नागरिकों द्वारा सांसद कार्यालय तक आसानी से अपने सुझाव शिकायत भेजने, बेहतर तालमेल को लेकर बडवाह नगर में खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने रविवार को जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में सांसद सेवा केंद्र का शुभारंभ किया।

प्रभारी पूर्व जनपद सदस्य ब्रजेश यादव ने सांसद सेवा केंद्र पर विधि-विधान से पूजन अर्चन करवाया। इस अवसर ओर मीडिया को सबोधित करते हुए ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि सांसद सेवा केंद्र के खुलने से लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा केंद्र के आरंभ होने से लोगों की समस्याओं का एक ही स्थान पर निदान संभव होगा।

सांसद ने कहा विभिन्न समस्याओं के लिए यहां आने वाले लोगों को सभी अधिकारियों की सेवाएं भी शीघ्र सुलभ होगी। इस केंद्र में कर्मचारी तथा सांसद का निजी स्टाफ उपलब्ध रहेगा।लोग यहां अपनी विभिन्न समस्याओं के लिए उनसे मिल सकते हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ. अजय मालवीय दीपक खंडेलवाल निज सचिव तरुण चंद्रे दिलीप पाटील पंचायत सीईओ रोहित पचौरी शिवनारायण दाँगी पूर्व सरपंच सिंगाजी पटेल गोलु धर्मेन्द्र बजाज सुरभि वर्मा सहित अधिकारी.कर्मचारी मौजूद थे।

## निमाड़ संस्कृति एवं कला मंच का संगीतमय आयोजन

**सनावद- विवेक विद्यार्थी**




नगर में संस्कृति एवं कला से जुड़ी निमाड़ की प्रतिभाओं को मंच देने एवं निमाड़ी संस्कृति को प्रचारित, प्रसारित करने वाले निमाड़ संस्कृति एवं कला मंच के तत्वावधान में संगीतमय आयोजन स्थानीय रेवा गुर्जर धर्मशाला में आयोजित किया गया। आयोजन की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता इंदर बिर्ला और लायंस क्लब अध्यक्ष ममता चौधरी, समाजसेवी तेजेंद्रपालसिंह कपूर ने दीप प्रज्वलन कर आयोजन की शुरुआत की। मंच के संजय मालवीय, पिंटू सेन, डॉ कमलेश चौधरी, जाकिर हुसैन अमि ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मंच के संयोजक व संचालक अनिल चौधरी ने बताया की निमाड़ में गीत - संगीत, साहित्य, लेखन, डांस, पेंटिंग एवं कला और संस्कृति से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों की कई प्रतिभाएं और कलाकार हैं। उचित अवसर और मार्गदर्शन के अभाव में कई कलाकर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। कई प्रतिभाशाली कलाकार हैं जो कोरोना संक्रमण के बाद काम नहीं होने से आर्थिक तंगी का शिकार भी हुए हैं। कलाकारों को अपनी प्रतिभा से सभी को रूबरू कराने के लिए निमाड़ संस्कृति एवं कला मंच कई आयोजन कर चुका हैं और आगे भी प्रतिभाओं को निखारने व उन्हे मंच देने और समागम के लिए इस प्रकार के आयोजन निमाड़ में होते रहेंगे। इसी महीने में महान गायक स्व. मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि, स्व. किशोर का जन्मदिन और 15 अगस्त को एक शाम देश के नाम का आयोजन निमाड़ संस्कृति एवं कला मंच के तत्वाधान में हुआ जिसमें कई नवोदित कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और आम जन उनसे रूबरू हुए।

### पार्श्व गायक स्व मुकेश की पुण्यतिथि पर हुआ आयोजन

इसी कड़ी में हिंदी फिल्म जगत के महान पार्श्वगायक स्व.मुकेश की पुण्यतिथि पर आयोजन किया गया। संगीतमय आयोजन में नगर व आसपास के क्षेत्र के कई कलाकारों ने सुमधुर प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा।

### सुमधुर गीत गुनगुनाकर दी मुकेश को स्वरांजली

पहले राउंड में स्वर्गीय मुकेश के गीतों को गाकर उन्हें स्वरांजली दी। कृष्णकुमार सोहनी ने कहीं बार यूं भी देखा हैं, अनिल चौधरी ने महबूब मेरे महबूब मेरे, संजय मालवीय ने कहीं दूर जब दिन ढल जाए, भरत और रीना शर्मा ने प्यार हुआ इकरार हुआ, पंकज मुकुंद और सीमा सवनेर ने फूल तुम्हें भेजा हैं खत में, मनोज शर्मा ने चांद को क्या मालूम, संतोष नामदेव ने मैं पल दो पल का शायर हूं, मोनू जाधम कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे,संतोष मंडलोई ने सावन का महीना पवन करे शोर, राकेश वैद्य ने तौबा ये मतवाली चाल, डॉ कमलेश जी चौधरी ने हर दिल जो प्यार करेगा, हेमचंद्र जाधम ने मेरा जूता हैं जापानी, हनुमंत सिंह ने मुबारक हो सबको शमां ये सुहाना, राम साद ने आ लौट के आज मेरे मीत, सतीश शाह ने डम डम डिगा डिगा, महेश बिरले ने कभी कभी मेरे दिल में,प्रस्तुती दी

# गुरूभगवतों के चातुर्मास एवं पयूर्षण के दौरान बड़वाह करही में लगे तपश्चर्या के ठाठ

## बड़वाह में श्रीमति सुनीता सुनील कंकुचोपडा ने सिद्धि तप कर रचा इतिहास



बड़वाह - इस बार करही में परमपूज्य उत्कृष्ठ क्रिया धारक श्री गुलाबमुनि जी महाराज एवं बड़वाह में औजस्वी व्याख्यानी परम पूज्य महासति श्री सुवर्णा जी महाराज का मंगल चातुर्मास होने से दोनो स्थानों पर श्वैताम्बर जैन श्री संघ में धर्माराधना एवं तपश्चर्या के ठाठ लगे हुये है । करही में जहां पूज्य गुरूदेव के चातुर्मास के दौरान त्याग तपस्या एवं धर्माराधना का क्रम निरंतर जारी है वहीं बड़वाह शहर में परमपूज्या महासति श्री सुवर्णा जी महाराज की प्रेरणा से पूरा संघ तपस्या के रंग में रंगा हुआ नजर आरहा है ।

सबसे पहले जहां निमाड़ की बेटी परम पूज्य महासति श्री मौन श्री जी महाराज ने मासक्षमण की कठोर तपस्या की आराधना कर संघ के श्रावक श्राविकाओं के लिये अनुकरणीय उदाहरण सामने रखा वहीं गुरूणी मैया की प्रेरणा से श्रावक श्राविकाओं में विभिन्न तपस्याओं की श्रृखंला अनवरत जारी है । छोटे छोटे बालक बालिकाऐं हो या युवा व बुर्जग सभी यथा शक्ति तपस्या कर अपने कर्मो की निर्जरा कर रहे है ।

### बड़वाह में श्रीमति सुनीता कंकुचौपडा ने सिद्धितप कर रचा इतिहास -

यह पूज्य गुरूणी मैया का ही अतिशय है कि नगर के धर्मनिष्ठ सुश्राावक एवं चातुर्मास समिति के अध्यक्ष श्री सुनील कंकुचोपडा जी की धर्मपत्नी श्रीमति सुनीता जी कंकु चोपडा ने जैन आगमों में वर्णित कठोरतम सिद्धितप की आराधना कर बड़वाह नगर में तपस्या का एक दुर्लभ इतिहास रच दिया । वैसे तो जैन समाज में वर्षीतप, मासक्षमण जैसी कठोर तपस्या करने वाले आराधक देखने एवं सुनने में आते है लेकिन सिद्धितप की आराधना करने वाले तपस्वी बहुत दुर्लभ ही मिल पाते है । इस तपस्या में साधक को पहले एक उपवास फिर पारणा, फिर दो उपवास फिर पारणा, फिर एक साथ तीन उपावास फिर पारणा, फिर चार उपवास फिर पारणा इस प्रकार पांच उपवास -पारणा , 6 उपावास फिर पारणा , 7 उपावास फिर पारणा तथा फिर 8 उपवास और उसके बाद पारणा करना होता है ।

इस प्रकार साधक को कुल 43 दिन की कठोर आराधना में कुल 36 उपवास और 7 दिन पारणा करना होता है । बड़वाह श्री संघ की सुश्राविका एवं कंकु चोपडा की परिवार की गौरवशाली बहूं श्रीमति सुनीता सुनील कंकु चोपडा की यह आराधना अब अपने चरम पूर्णाहूति की ओर बढ रही है । महापर्व संवत्सरी के दिन अब सुनीता जी के सिद्धितप की पूर्णाहुती होरही है ।

### पयूर्षण पर्व में बहरही है जिनवाणी की अमृतधारा -

संघ अध्यक्ष श्री सुगनचंद जी रोकडिया ने बताया कि पूज्य महासति श्री सुवर्णा जी आदि सति मंडल के आगम सम्मत सारगर्भित प्रवचनों की अमृतधारा चातुर्मास एवं पयूर्षण काल के दौरान निरंतर बह रही है । अपने जीवन से जुड़े विषयों पर आधारित पूज्य महासति जी के प्रवचन श्रोताओं के दिल को छूकर उन्हे आत्मकल्याण की ओर अग्रसर कर रहे है । बड़वाह शहर में तपश्चर्या की तो मानों श्रावक श्राविकाओं में होड़ सी लगी है ।

श्री विमलनाथ मन्दिर एवं श्री संभवनाथ मन्दिर में भी महापर्व पर्यूषण की आराधना का क्रम निरंतर जारी है । अभी भगवान का जन्म दिन दोनों स्थानों पर उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया ।

### करही में जैन समाज ने हर्षोल्लास से मनाया 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव ,भगवान का गवली पूजन भी किया ,मन्दिर में लगी आरती की बोलियां

करही ।। नगर में रविवार को श्री जैन श्वेताम्बर समाज के समाजजनों ने 24 वे तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया । समाजजनों ने श्री जैन श्वेताम्बर मन्दिर जी से भगवान का भव्य वरघोडा गाजे बाजे के साथ निकाला गया ।

समाजजनों द्वारा मन्दिर से सुबह 7 बजे भगवान का वरघोडा निकाला गया । जो नगर के मुख्य मार्ग होते नेहरू मार्केट तक निकाला गया जहा से वापस मन्दिर जी पहुचा ।इस दौरान समाज की महिलाओ ने जगह जगह गवली पूजन किया । इस दौरान समाजजनों ने भगवान महावीर स्वामी की जय, सत्य अहिंसा प्यारा है यही हमारा नारा है जयघोष लगाए , दोपहर 3 बजे में भगवान के जन्मोत्सव के पूर्व भगवान की पूजा ,आरती ,प्रथम दर्शन ,पालना झुलाना , शिखर ध्वजा आदि की बोली दिलीप छाजेड़,मोहन खिंवसरा, प्रकाशचंद छाजेड़,नाकोड़ा जीनिंग ,जयंती लाल जैन,विनोद पारख , मिश्रीलाल सुराणा,दीपक डाकोलिया द्वारा बोली ली गई पश्चात ,पश्चात मूल नायक भगवान श्री आदेश्वर ,श्री नाको?ा ,श्री दादा ,श्री मणि भद्र दादा ,गुरु आदि भगवानों की पूजा,महाआरती की गई । रात 8 बजे मन्दिर में भगवान की महाआरती हुई बाद में भक्ति संगीत का आयोजन किया गया ।

### प्राचीन है मन्दिर में प्रतिमाएं

जैन मंदिर जी के गर्भ गृह में विराजित श्री आदेश्वर भगवान के आस पास दो प्रतिमाएं श्री पार्श्वनाथ भगवान की है इन तीनो प्रतिमाओं प्राचीन है । मन्दिर के पुजारी हर्षद अत्रे ने बताया गर्भ गृह में विराजित तीनो भगवानों की प्रतिमाओं पर संवत 1545 अंकित है इस हिसाब से प्रतिमाएं 531 वर्ष हो कर प्राचीन है मूल नायक भगवान श्री आदेश्वर की भारत मे दो ही प्रतिमाएं है एक करही में दूसरी राजस्थान के रणकपुर तीर्थ में ।जिनके पेर पर प्राकृतिक रूप से लांछन है जो भगवान के जीवंत काल के समय था ।यह प्रतिमा चमत्कारिक भी है

### भगवान के तीन रूपो में होते है दर्शन

मन्दिर में विराजित मूलनायक भगवान की प्रतिमा के तीन अलग अलग रूपो में दर्शन होते है । भगवान की प्रतिमा को ध्यान से देखने पर सुबह बाल्य अवस्था ,दोपहर में युवा अवस्था व शाम को प्रो? अवस्था मे दर्शन होते है पूर्व वर्षो में मन्दिर में आचार्य श्री जयंतसेन सूरीश्वर जी महाराज ,श्री नवरत्न सूरीश्वर जी महाराज आदि सन्तो ने जब मन्दिर में भगवान के दर्शन किये तो वे भी मंत्र मुग्ध हो गए ।

# मनावर में नकली खाद बनाने वाले व्यापारी के यहां छापा

**मनावर से कौशिक पंडित की रिपोर्ट**



मनावर। नगर के मध्य एक कृषि खाद के व्यापारी के यहां छापे में भारी मात्रा में नकली डीएपी खाद बनाने की सामग्री बरामद कर कृषि विभाग और तहसीलदार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कृषि उप संचालक ज्ञानसिंह मोहनिया ने बताया कि इस फर्म में नकली डीएपी खाद की री पैकिंग की जा रही थी। जांच के बाद कल कार्रवाई की जाएगी। दुकान को सील किया जा रहा है। तहसीलदार आर सी खतेडिया ने बताया कि यहां नकली खाद बनाने के उपकरण मिले है। जिसमें आटा चक्की, रेत, नमक और डीएपी व अन्य कंपनियों की खाद की खाली थैलियां भी मिली है। यहां बड़े पैमाने पर अमानक खाद तैयार किया जा रहा था। तहसीलदार ने कहा कि ऐसे खाद से किसानो को भारी नुकसान हो सकता है। दुकान को सील कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यह फर्म फतेहलाल बिजैयलाल के नाम से है।

जिसके मालिक पंकज पिता सोहनलाल बड़जात्या है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने नकली खाद के सैंपल लेकर उसे जांच के लिए लैब मे भेजा जा रहा है। पूरी कार्रवाई का पंचनामा भी बनाया गया है।यहां डीएपी का भारी मात्रा में संग्रह किया हुआ स्टाक पाया गया है। छापे के दौरान दुकान मालिक ने चाबी नहीं देने पर पंचों की उपस्थिति में दुकान खोली गई। कार्रवाई मे कृषि के एसडीओ महेश बर्मन, नायब तहसीलदार सरिता गामड, सहदेव मौर्य, पटवारी व पुलिसकर्मी भी शामिल थे।

# आत्महत्या के पहले बनाया विडियों फिर करली खुदखुशी। जिम्मेदारों पर होगी कार्यवाही

बड़वाह के ग्राम कदवालिया के कोटवार सुमेर सिंह वर्मा ने गुरुवार रात में सिरलाय स्थित अपने घर में सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली थी। अब मृतक के मोबाईल में उसका एक वीडियो मिला है। जो परिजनों द्वारा आत्महत्या के पहले का बताया जा रहा है। 26 सेकंड का यह वीडियो को खुद सुमेर ने रिकार्ड था। जिसमे उसने आत्महत्या करना एवं उसके पीछे के कारणों के बारे में बताया है। इस वीडियो में उसने अपने मरने का कारण तो नहीं बताया लेकिन ससुराल एवं बडे पापा के परिवार के ही कुछ लोगों को इसका जिम्मेदार जरुर बताया है। ये वीडियो परिवारजनों ने पुलिस को उपलब्ध करा दिया है। अब पुलिस ने इस वीडियो के आधार पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सुमेर ने आत्महत्या के पहले जिन लोगों के नाम लिए है। पुलिस उनसे पूछताछ कर आत्महत्या के कारणों एवं उसके पीछे जिम्मेदार व्यक्ति का पता लगाने का प्रयास करेगी।

मृतक के मौसेरे भाई गजेन्द्र दबाडे निवासी सिरलाय ने बताया कि वह काफी दिनों से तनाव में था। पति-पत्नी के बीच ससुराल पक्ष के लोगों के हस्तक्षेप के कारण दोनों का आपसी रिश्ता भी बिग? रहा था। तो वही ब? पापा के परिवार द्वारा उसे कोटवार पद से हटाने के लिए उसकी शिकायत की जा रही थी। यही कारण है कि वो कुछ दिनों से ज्यादा तनाव में था। उसने यह बात इंदौर निवासी अपने छोटे भाई उमेरसिंह एवं मौसाजी शांतिलाल दबा? को बताई थी। लेकिन वह इतना ब?ा कदम उठा लेगा। इसके बारे में नही पता था। पारिवारिक विवाद के चलते दो साल पहले भी वह आत्महत्या करने की धमकी दी थी।

### मौत से पहले छोटे भाई के बेटे को दी थी चाकलेट

गजेन्द्र ने बताया कि सुमेर सिंह ने मौत के पहले अपने छोटे भाई योगेश के पांच वर्षीय बेटे चिराग को चाकलेट दिलाई थी। इस दौरान आसपास दुसरे बच्चे भी थे। जिसके बाद उसने दुसरे बच्चो को भी चाकलेट खरीदकर दी। इस दौरान उसने यह भी बोला था कि अब शायद में तुम लोगों से नही मिल पाऊंगा।उल्लेखनीय है कि गुरुवार रात को सुमेर ने सिरलाय स्थित अपने घर में सल्फास खा लिया था। पड़ोस में रहने वाली भाभी ने उन्हें देख आसपास के लोगों को मदद के लिए बुलाया। जिसके बाद सुमेर को सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हालत बिग?ने पर इंदौर रैफर किया। परिजन बड़वाह के ही निजी अस्पताल में ले गए। जहां देर रात 1 बजे उसकी मौत हो गई।

## विधायक श्री सचिन बिरला ने किया नलजलयोजना का नीरीक्षण



बेडिया-(राजेन्द्र नामदेव) क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक सचिन बिरला व्दारा बैडिया मे करीब 4 करोड़ की लागत से प्रधानमंत्री नल जल योजना अर्न्तगत चल रहे पानी की टंकी एव पाईप लाईन कार्य का निरीक्षण कीया एव सख्त आदेश अधिकारियों को दीये जिसमे कंपनी के पाईप कम्पनी के फिल्टर एव घरो मे नलो के स्टेंड के साथ साथ प्रधानमंत्री एव मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार घर घर पानी पहुचे साथ ही प्रत्येक घर मे एक कनेक्शन दीया जाये जिससे सभी को आखरी छोड तक पानी प्रयाप्त मात्रा मे मिले कारण बैडिया को यह सोगात कही वर्षो बाद मिली नगर सरपंच चन्द्रपाल सिह सोहनेर व्दारा विधायक महोदय को अवगत कराया कम्पनी व्दारा थोड़ा थोड़ा काम सभी ओर चालु कर दीया जिससे ग्राम की जनता को परेशानी आ रही साथ ही पंचायत की परमीशन के बीना नल कनेक्शन नही देवे जिस पर विधायक व्दारा एक तरफ से कार्य चालु कर पुर्ण कीया जाय उसके बाद दुसरी तरफ कार्य चालु करे जिससे जनता को परेशानी न हो साथ ही सरपंच की अध्यक्षता मे दस लोगो की समीती बनाई जाये जो ईस काम पर निगरानी रखेगी नये कनेक्शन देने के बारे मे प्रत्येक वाडं मे पंच के साथ उस क्षेत्र के पाच से दस व्यक्ति की की समीती कीसे कनेक्शन देना है वह तय करेगी ईस अवसर पर एस डी ओ पी एच ई दयाल राठौर सब ईजनीयर सुरज पाल उप सरपंच बेणीराम भाईडया गोविंद बिरला मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र सिह चौहान दिलीप पटेल राजेन्द्र नामदेव गोपाल कानुनगो नरेन्द्र गावशिन्दे कोशल उपाध्याय सुनील पटल्या रजनीश कानुनगो गोपाल पाठक जितेन्द्र भाटीया ऋषि राज पटल्या सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे

## पीपल्या बुजर्ग में एक युवक एवं एक युवति ने की पेड़ पर गले में फंदा डालकर आत्महत्या

**खरगोन के पिपल्याबुजर्ग ग्राम में एक युवक और एक युवती ने प्रेम प्रसंग में आत्महत्या कर ली। दोनों ने खेत में पेड़ पर अलग-अलग फंदे से फांसी लगा ली। घटना करही थाना अंतर्गत पिपल्या बुजुर्ग में रविवार सुबह की है। खेत मालिक ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद ही परिजन और परिवार वाले खेत पहुंचे। टीआई परमानंद गोयल ने बताया कि रविवार सुबह 8 बजे सूचना मिली। मौके पर श्यामलाल (22) पुत्र तेर सिंह निवासी ख्याजा बेड़ी पिपल्या बुजुर्ग और 18 साल की युवती निवासी पाचबा पिपल्या बुजुर्ग के शव नीम के पेड़ पर फंदे पर लटके थे। लड़की के गले में दुपट्टा और लड़के के गले में गमछा था। दोनों को ग्रामीणों की मदद से नीचे उतार कर मौका मुआयना किया गया। दोनों के शवों को करही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। मंडलेश्वर से महिला डॉक्टर को बुलाकर पीएम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया।**

**पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया। एसआई सुदामा मोरे ने बताया सुबह 11 बजे खरगोन फारेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। करीब एक घंटे तक टीम ने साक्ष्य जुटाए। इसके बाद टीम खरगोन रवाना हो गई।**

### 2021 में लड़के के खिलाफ दर्ज कराया था मामला


टीआई परमानंद गोयल ने बताया कि श्यामलाल 16 अक्टूबर 2021 को लड़की को भगाकर ले गया था। तब लड़की की उम्र 17 साल थी और वह नाबालिग थी। इस पर करही थाने में उसके के खिलाफ अपहरण का केस पंजीबद्ध किया था। पुलिस ने 20 अक्टूबर 2021 को लड़की को बरामद भी कर लिया था। लड़की ने लड़के पर दुष्कर्म करना भी बताया था। इसके बाद लड़के के खिलाफ अपहरण, बलात्कार के तहत पॉक्सो में केस भी दर्ज किया था। मामले में श्यामलाल 25 अगस्त 2022 को मंडलेश्वर न्यायालय में पेशी पर भी गया था।

### रात को तीन बजे घर से निकला था लड़का

मृतक श्यामलाल के रिश्तेदार कैलाश वास्कले ने बताया कि लड़के के पिता से बात हुई थी। उन्होंने बताया श्यामलाल शनिवार रात को तीन बजे तक घर पर ही था। इसके बाद घर से कब चला गया, पता नहीं। सुबह 7 बजे मौत की खबर आई। यही स्थिति लड़की के परिवार के साथ है। उन्हें भी लड़की की मौत की खबर लोगों ने ही दी।

## नपा चुनाव हेतु 15 वार्डो के लिए 41 प्रत्याशियों ने दिये आवेदन

**महेश्वर से सुनील गाडगे**



महेश्वर। रविवार को नगर के गुरुद्वारा भवन में नगर कांग्रेश कमेटी द्वारा आगामी नगर परिषद वार्ड पार्षद एवं अध्यक्ष चुनाव को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर के 15 वार्ड के लिए पार्षद एवं अध्यक्ष चुनाव लड़ने के लिए आवेदन मंगाए गए जिसमें करीब 41 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ने की मनसा जताते हुए आवेदन जमा कराएं। कार्यक्रम का शुभारंभ वासुदेव पुरोहित नगर कार्यकारिणी अध्यक्ष द्वारा किया गया वही आभार वल्लभ सराफ द्वारा माना गया। बैठक में मथुरा लाल पाटीदार वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता, शरद श्रीमाली नगर अध्यक्ष, सलीम शाह मंडलम अध्यक्ष सहित अनेक कार्यकर्ताओं द्वारा बैठक में अपने विचार रखे अंत में वर्तमान विधायक एवं पूर्व मंत्री रही डॉ. विजय लक्ष्मी साधौ द्वारा बैठक में आए युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस का पुराना इतिहास एवं कार्य बताकर युवाओं में नया जोश उत्पन्न किया उन्होंने सभी उम्मीदवारों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि हम सबको ऐसे प्रत्याशी को खड़ा करना है जो अपने वार्ड में अच्छी पैठ रखता हो एवं सभी से मिलनसार हो। इस दौरान नंदकिशोर जीरेती वरिष्ठ कार्यकर्ता, भवानी प्रसाद शर्मा, बंशी शर्मा, जगदीश गाडगे, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सिमरन भाटिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं, प्रत्याशियों एवं युवाओं में उत्साह देखा गया।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं मुद्रक- नवरत्नमल जैन, 5 बी/3 प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर एवं 2/12 एनेक्स श्री कंवर कालोनी बड़वाह से प्रकाशित एवं कॉम्पेक प्रिंटर्स लि. फ्री प्रेस हाऊस 3/54 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर से मुद्रीत। प्रधान संपादक नवरत्नमल जैन नवनीत इंदौर फोन: ( 0731 )2571009, बड़वाह ( 07280 )224750, मो. 9407133337